मंदिर ये लखदातारी का | by Sonam Saxena

भक्तो के मन चस्का है अब मेले की तैयारी का
देखो क्या सुन्दर बन रहा है मंदिर ये लखदातारी का

खाटू के इस श्याम धणी की लीला अजब निराली है
मोरछड़ी लहरा दे जिसके उसके रोज़ दिवाली है
सुना है चर्चा हर घर में मोरछड़ी इस प्यारी का
देखो क्या सुन्दर बन रहा है मंदिर ये लखदातारी का

रींगस से खाटू निशान की मन में भारी इच्छा है
करता भक्तों की सुनवाई श्याम दयालु सच्चा है
श्याम मेरा शौकीन है नीले की असवारी का
देखो क्या सुन्दर बन रहा है मंदिर ये लखदातारी का

सुन्दर लागे खाटू नगरी मन दर्शन की आवे जी
अविनाश बाबा दर्शन खातिर हर ग्यारस पे आवे जी
सारे जग में डंका बजता मेरे लखदातारी का
देखो क्या सुन्दर बन रहा है मंदिर ये लखदातारी का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%96%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sonam-saxena/